पंजाब केसरी 25/04/2025

# साइबर अपराधों पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

अम्बाला, 24 अप्रैल (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के लीगल लिटरेसी सैल द्वारा वीरवार को फिशिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी, पहचान की चोरी और साइबर अपराधों पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत में लीगल लिटरेसी सैल के संयोजक डा. सुरेन्द्र कुमार ने साइबर जगत में बढ़ते अपराधों पर चिंता व्यक्त की और छात्रों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने छात्रों को बताया कि कैसे साइबर अपराधी फिशिंग, ऑनलाइन फ्रॉड और व्यक्तिगत पहचान की चोरी जैसे अपराधों को अंजाम देते हैं और इससे कैसे बचा जा सकता है।

विशेषज्ञ गोल्डी सहगल और एडवोकेट जतिन कुमार ने साइबर अपराधों, डोमैस्टिक वायलैंस, सरकारी सहायता और छात्रों की भूमिका पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने छात्रों के सवालों का समाधान भी किया और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक जस्मिता हांडा ने बहुत ही प्रभावशाली ढंग से किया। सहायक प्राध्यापक रीतिका ने तकनीकी विशेषज्ञ की भूमिका निभाई। इस जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 55 छात्रों ने भाग लिया।



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के लीगल लिटरेसी सैल द्वारा आयोजित जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित करते विशेषज्ञ।